# कक्षा ग्यारहवीं
# हिन्दी
# आदर्श प्रश्न पत्र

**निर्धारित समयः–3 घंटे** **भारांक–80**

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।

**विशेष निर्देशः**

1. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाइ गई है ,उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न–संख्या लिखना अनिवार्य है।
2. उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ने न छोड़ें।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. सुलेख व वर्तनी का विशेष ध्यान रखें।

**खण्ड–क**

**प्र01– निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित उत्तर दें:** **10**

हमारी हिन्दी सजीव भाषा है। इसी कारण इसने अरबी फारसी आदि के संपर्क में आकर इनके तो शब्द ग्रहण किए ही हैं, अब अंग्रेजी के भी शब्द ग्रहण करती जा रही है। इसे दोष नहीं, गुण समझना चाहिए, क्योंकि अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिन्दी अपनी वृद्धि कर रही है, ह्रास नहीं। ज्यों–ज्यों इसका प्रचार बढ़ेगा, त्यों–त्यों इसमें नए शब्दों का आगमन होता जाएगा। क्या भाषा को विशुद्धता के लिए किसी भी पक्षपाती मे यह शक्ति है कि वह विभिन्न जातियों के पारस्परिक सम्बन्ध को न होने दे अथवा भाषाओं की सम्मिश्रण क्रिया में रूकावट पैदा कर दें, यह कभी संभव नहीं। हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भषा अपने स्वरूप को तो नहीं नष्ट कर रही? अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों क मिश्रण से अपना रूप तो विकृत नहीं कर रही?

अभिप्रायः यह है कि दूसरी भाषाओं के शब्द, मुहावरे आदि ग्रहण करने पर भी हिन्दी, हिन्दी ही बनी रही है या नहीं, बिगड़ कर कुछ और ही तो नहीं होती जा रही है।

1. हिन्दी में अन्य भाषाओं के शब्द अपनाते समय किसबात का ध्यान रखना आवश्यक है?
   (क) भाषा का रूप न बिगड़े (ख) भाषा पराई न लगे
   (ग) हिन्दी खिचड़ी भाषा न बने (घ) हिन्दी अपनी प्रकृति के अनुरूप शब्द अपनाए
2. 'हिन्दी सजीव भाषा है' से अभिप्रायः है?
   (क) हिन्दी सरल है (ख) हिन्दी में जान है
   (ग) हिन्दी अन्य भाषाओं के शब्द अपना सकती है (घ) हिन्दी चलती फिरती भाषा है
3. हिन्दी में नए शब्दों का आगमन क्यों जरूरी है?
   (क) भाषा सुन्दर बनेगी। (ख) भाषा सरल बनेगी।
   (ग) भाषा गतिशील बनेगी। (घ) भाषा सर्व स्पर्शी और व्यापक रूप लेगी।
4. अन्य भाषाओं के शब्द अपनाना हिन्दी की किस बात को दर्शाता है?
   (क) कमजोरी (ख) जीवतता
   (ग) शक्ति (घ) निर्जीवता
5. अन्य भाषाओं के शब्दो को अपने में समाहित करना हिन्दी भाषा की क्या कहलाता है?
6. हिन्दी भाषा में मुहावरों का प्रयोग दर्शाता है
7. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक है
8. हिन्दी का प्रचार कैसे बढ़ेगा? (एक वाक्य में)
9. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?
10. विकृत शब्द का अर्थ लिखें।

Downloaded from cclchapter.com

**प्र02 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।** **5**

''साथी हाथ बढ़ाना।
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना।
साथी हाथ बढ़ाना।
हम मेहनत वालों ने जब भी मिलकर कदम बढ़ाया
सागर ने रस्ता छोड़ा परबत ने सीस झुकाया
फौलादी हैं सीने अपने, फौलादी हैं बांहें
हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दे राहें साथी हाथ बढ़ाना''

1. मेहनतकंश मजदूर अपने साथी से क्या मांग करता है?
(क) साथ देने की (ख) मिलकर संघर्ष करने की
(ग) मिलकर आगे बढ़ने की (घ) उपर्युक्त सभी
2. मेहनकश लोगों की एकता से क्या होता है?
(क) पर्वत शीश झुकाते हैं (ख) शत्रु भाग जाते हैं
(ग) दीए जल उठते हैं (घ) नए रास्ते खुलते हैं
3. फौलादी है सीने अपने, फौलादी हैं बाहें' से क्या अभिप्राय है?
4. मिलकर बोझ उठाने से अभिप्राय है?
5. पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**प्र03 किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए:** **5**

(क) नारी सशक्तिकरण
(ख) भारत की राष्ट्रीय एकता
(ग) मेरे जीवन का उद्देश्य
(घ) योग शिक्षा का महत्व

**प्र04** अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए जिसमें उसे परिश्रम, योग, अनुशासन तथा व्यायाम का महत्त्व समझाइए और कुसंगति से बचने का परामर्श भी दीजिए। **5**

अथवा

अपने जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए जिसमें शहर में बढ़ती गुंड़ागर्दी, चोरी व दिन–दिहाड़े हो रही लूट पर अंकुश लगाने की प्रार्थना की गई हो।

**प्र05** **(क)** प्रतिवेदन किसे कहते है? प्रतिवेदन लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? **3**

अथवा

प्रैस विज्ञप्ति कितने प्रकार की होती है? इसके लक्ष्य व उपयोगिता बताइए

**(ख)** परिपत्र किसे कहते है और यह कब लिखा जाता है? **2**

अथवा

कार्यवृत्त और कार्यसूची में अन्तर लिखिए

**प्र06 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उत्तर का चयन कीजिए:** **5**

1. हिन्दी शब्दकोश में क्रम की दृष्टि से सबसे पहला कौन सा शब्द मिलेगा?
(क) क्या (ख) कृपा
(ग) कथन (घ) कमल
2. शब्दकोश में श्रद्धा शब्द किस शब्द के पहले आएगा?
(क) शासन (ख) शौर्य
(ग) श्याम (घ) श्रमिक
3. हिन्दी शब्दकोश में ज्ञान शब्द कहां मिलेगा?
(क) क वर्ग के वर्णों में (ख) च वर्ग के वर्णों में
(ग) प वर्ग के वर्णों में (घ) ट वर्ग के वर्णों में

Downloaded from cclchapter.com

4. हिन्दी शब्दकोश में क्ष का क्रम किस वर्ण में आता हैं

(क) क (ख) छ

(ग) त्र (घ) ज्ञ

5. ऐसा ग्रंथ जिसमें शब्दों की वर्तनी, उसकी व्युत्पत्ति, व्याकरण निर्देश, अर्थ परिभाषा प्रयोग आदि का सन्निवेश होता है, उसे क्या कहते हैं?

(क) संदर्भ ग्रथं (ख) विश्व ज्ञानकोश

(ग) चरित्र कोश (घ) शब्द कोश

प्र07 **(क)** सबसे बढ़िया संचार माध्यम आप किसे मानते हैं और क्यों? 3

अथवा

समाचार लेखन में छः ककारों पर प्रकाश डालें।

**(ख)** पत्रकारिता क्या है? इसकी परिभाषा दीजिए। 2

अथवा

पत्रकारिता के कुछ प्रमुख प्रकारों के नाम बताइए।

प्र08 **निम्नलिखित काव्यांश को सप्रसंग व्याख्या कीजिएः** 4

खेलत में को काको गुसैयां
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस ही कत करत रिसैयां।
जाति–पाति हमतैं बड़ नाही, नाहीं बसत तुम्हारी छैयां।
अति अधिकार जनावत यातै, जातैं अधिक तुम्हारी गैंयां।
रूठहिं करै तासौं को खेलै, रहे बैठि जहँ–जहँ ग्वैया।
सूरदास प्रभु खेल्यौइ चाहत, दाऊ दियौ करि नंद–दुहैयां।

अथवा

मन होता है फिर सो जाऊँ,
गहरी निद्रा में खो जाऊँ,
जब तक रात रहे धरती पर,
चेतन से फिर जड़ हो जाऊँ।
उस करवट अकुलांहट थी, पर
नींद न इस करवट आती है।

प्र09 **निम्न पंक्तियों का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।** 4

तट पर बगुलों सी वृद्धाएँ
विधवाएं जप ध्यान में मगन
मंथर धारा में बहता,
जिनका अदृश्य, गति अंतर रोंदन

अथवा

है तुझे अंगार–शय्या पर
मृदुल कलियाँ विछाना

प्र010 **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **2x2=4**

(क) नायिका सपने में क्यों प्रसन्न थी और वह सपना कैसे टूट गया?

(ख) वसंत ऋतु के आने पर प्रकृति में क्या परिवर्तन होते हैं?

(ग) कवि चेतन से फिर जड़ होने की बात क्यों करता है?

(घ) मगध के माध्यम से 'हस्तक्षेप' कविता किस व्यवस्था की ओर इशारा कर रही है?

Downloaded from cclchapter.com

**प्र011 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिए:** **3**

1. कबीर का जन्म कब और कहाँ हुआ?
   (क) सन् 1478 ई0 में उत्तर प्रदेश में
   (ख) सन् 1673 ई0 में इटावा में
   (ग) सन् 1398 ई0 में काशी में
   (घ) सन् 1753 ई0 में बाँदा में
2. जयपुर नरेश द्वारा किस कवि को 'कविराज शिरोमणि' को उपाधि दी गइ?
   (क) देव
   (ख) पन्त
   (ग) पदमाकर
   (घ) नागार्जुन
3. महादेवी वर्मा को किन–किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया
   (क) पद्म भूषण और भारतीय ज्ञान पीठ
   (ख) भारत–रत्न
   (ग) पदम–विभूषण
   (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्र012 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:** **5**

''स्वतन्तत्रता का अनुभव हम स्त्रियों को है ही नहीं।
इस बात की आज शपथ लो कि स्त्री को उसका
अधिकार दोगे और अपनी स्वतंत्रता का अनुभव करने दोगे।''

अथवा

हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी है। यदयपि फर्स्ट क्लास, सैकंड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी–अच्छी और बड़े–बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी है पर बिना इंजन ये सब नही चल सकती, बैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते । इनसे इतना कह दीजिए, ''का चुप साधि रहा बलवाना'' फिर देखिए हनुमान को अपना बल कैसे याद आता है।

**प्र013 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2x3=6**

(क) 'सिदधेश्वरी का घर के एक दूसरे सदस्य के विषय में झूठ बोलना परिवार को जोड़ने का अनथक प्रयास था' इस सम्बन्ध में अपने विचार लिखिए।
(ख) लेखक ने टार्च बेचने वाली कंपनी का नाम 'सूरजछाप' ही क्यों रखा?
(ग) 'गूंगे' कहानी को पढ़कर आपके मन में कौन से भाव उत्पन्न होते हैं?
(घ) ज्योजिवा फूले और सावित्री बाई के जीवन से प्रेरित होकर आप समाज में क्या परिवर्तन करना चाहेगे?
(ड) क्या लाल का व्यवहार सरकार के विरूद्ध षडयंत्रकारी था?

**प्र014 गदय लेखकों के जीवन और साहित्य–लेखन पर आधारित निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **4**

1. मुंशी प्रेमचन्द्र जी का जन्म कब और कहां हुआ?
   (क) सन् 1980 ई0 में उत्तर प्रदेश में
   (ख) सन् 1922 ई0 में माध्यम प्रदेश में
   (ग) सन् 1880 ई0 में वाराणसी में
   (घ) सन् 1923 ई0 में आगरा में

Downloaded from cclchapter.com

2. डॉ अंबेदकर राष्ट्रीय पुरस्कार से किस लेखक को सम्मानित किया गया?
   (क) सुधा अरोड़ा
   (ख) मुक्तिवोध
   (ग) ओम प्रकाश बाल्मीकि
   (घ) हरिशंकर परसाई
3. रांगेय राघव द्वारा रचित उपन्यास हैः
4. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा रचित मौलिक नाटक कौन–कौन से हैं?

**प्र015 निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः** **3+3 = 6**

1. एकांकी में अम्मा की जो तस्वीर उभरती है, अन्त में बिल्कुल बदल जाती है–टिप्पणी कीजिए।
2. निकोलस रोरिख का पहाड़ों से कैसा रिश्ता था?
3. सोभा सिंह को धौलाधार का संत क्यों कहा जाता है?

**प्र016** **(क)** नाना के घर किन–किन बातों का निषेध था? **2**

अथवा

राधा के चरित्र की ऐसी कैन सी विशेषताएं हैं, जिन्हे आप अपनाना चाहेंगे?

**(ख)** यदि आप अपने घनिष्ठ मित्र को चोरी–छिपे सिगरेट पीते देखें, तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी? **2**

अथवा

प्रो0 निकोलस अपने लिए रंग कैसे तैयार करते थे?

**********************************

Downloaded from cclchapter.com